## Headline

1. PM Modi: 'पीएम मोदी न सिर्फ नीतियां बनाते हैं, उन्हें लागू भी करते हैं', इसरो चीफ ने की प्रधानमंत्री की तारीफ
2. DNC: 'इस्राइल का हमेशा समर्थन करेंगे, लेकिन...', राष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार करने के बाद बोलीं कमला हैरिस
3. Weather Update: दिल्ली-एनसीआर में बरसे बदरा, राजधानी में 2014 के बाद अगस्त महीने में सबसे अधिक बारिश दर्ज
4. J&K Assembly Polls: नेकां से गठबंधन के एक दिन बाद ही कांग्रेस में अंदरूनी कलह शुरू, इन 10 सीटों को लेकर रार
5. Shakib Al Hasan: बांग्लादेश के दिग्गज क्रिकेटर शाकिब अल हसन पर FIR, हत्या के लिए उकसाने का आरोप
6. Odisha: ओडिशा विधानसभा में हंगामा; स्पीकर के आसन तक पहुंचे विधायक, आबकारी मंत्री के इस्तीफे की कर रहे मांग

छबिसमुद्र हरि रूप बिलोकी । एकटक रहे नयन पट रोकी ।।
बिप्र जेवाँइ देहिं दिन दाना । सिव अभिषेक करहिं बिधि नाना ।।

| Ram Katha 941 – मानस समुद्राभिषेक || Indoneshiya || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 41 इंदौर, शुक्रवार 23 अगस्त, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# महू में फार्महाउस की छत गिरी, 5 की मौत

## 3 जेसीबी, एक पोकलेन की मदद से निकाले जा सके शव, मालिक को तलाश रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू । महू के चोरल गांव में निर्माणाधीन फार्म हाउस की छत गिर गई। हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात की है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हादसे का पता लगा। उन्होंने सिमरोल पुलिस को सूचना दी।**

मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने तीन जेसीबी और एक पोकलेन की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू के दौरान एक-एक कर पांचों के मजदूरों के शव निकाले गए।

एसपी हीतिका वासल ने बताया कि यहां काम करने वाले सभी मजदूर इंदौर के रहने वाले थे। गुरुवार को काम खत्म होने के बाद रात में खाना खाकर निर्माणाधीन इमारत में ही सोए थे। मालिक की लोकेशन पता लगाई जा रही है।

### इंदौर के रहने वाले हैं फार्महाउस के मालिक

पटवारी प्रकाश सोनी ने कहा कि खसरे पर फार्म हाउस मालिक का नाम ममता पति कन्हैया लाल और अनाया पति भरत डेमला दर्ज है, जो इंदौर के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, छत लोहे के एंगल पर डाली गई थी, जो उसका भार नहीं सह सकी।

### गुरुवार को ही डाली गई थी स्लैब

इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा- चोरल में निर्माणाधीन इमारत में गुरुवार को ही स्लैब डाली गई थी। रात को मजदूर उसी के नीचे सो गए। पांचों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।



### सुमित्रा महाजन ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

# सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए समुचित पार्किंग होना जरूरी

◆ पार्किंग की जगह वाहनों के लिए ही हो ना कि दुकान या व्यवसाय के लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बिना अनुज्ञा के कार्यों को तुरंत रोकना एवं **सतत निगरानी करना यह नगर निगम का कार्य है। यातायात व्यवस्था के लिए भी यह आवश्यक है कि पार्किंग की जगह वाहनों के लिए ही हो ना कि दुकान या व्यवसाय के लिए। सड़क पर गाड़ियों का पार्किंग रुकेगा और चौड़ी सड़क यातायात के लिए उपलब्ध रहेगी साथ ही वाहन भी पार्किंग में सुरक्षित रहेंगे।**

यह बात पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लिखे एक पत्र में कही। आपने कहा कि दिल्ली में घटे हादसे के बाद ही हम जागे हैं, यह भी देर आना लेकिन दुरस्त आना जैसा ही है। श्रीमती महाजन ने कहा कि बढ़ते इंदौर के लिए पार्किंग व्यवस्था का समय रहते आकलन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि व्यावसायिक भवनों के तलघर की पार्किंग सुनिश्चित करना चाहिए। नए निजी भवनों के क्षेत्रफल के अनुसार पार्किंग एरिया निश्चित करना भी एक उपाय हो सकता है।सरकारी भवनों के पार्किंग के रैम्प को सुलभ एवं सुगम करना भी नगर निगम का दायित्व है । आपने कहा कि खासकर रहवासी क्षेत्रों में भूतल पर दुकान होने की स्थिति में हमें पार्किंग का विशेष ध्यान देना होगा। प्रशासन एवं नगर निगम, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नियमावली तो बनाए ही, उसका कड़ाई से पालन हो यह सुनिश्चित करें।

## गांधी हॉल में देश की बेस्ट 60 आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइनर के प्रोजेक्ट हुए डिस्प्ले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट द्वारा गुरुवार को एक यूनिक ट्रेवल एक्सिबिशन डिजाइन यात्रा का आयोजन गाँधी हॉल मे किया गया। इस एक्सिबिशन में देश के बेस्ट आर्किटेक्ट्स के वह डिजाइन शामिल हुए जो आम लोगो के लिए सपनों का डिजाइन होता है जिसकी बनावट को देख लोग उन्हें फोटो में कैद करके सहेजना चाहते हैं। एक एकड़ पे नदी किनारे तैयार किया गया फार्महाउस हो यां 360% पेनोरोनिक व्यू वाली हाईराइज बिल्डिंग कोहिनूर हो यहां हर डिजाइन खास था।

**700 आर्किटेक्ट्स में से 60 के डिजाइन बेस्ट-** आईआईए इंदौर सेंटर के चेयरमैन नितिन घूले ने कहा आईआईए द्वारा नेशनल लेवल पर कराई गई प्रतियोगिता में से शार्ट लिस्ट की गई 60 डिजाइंस में कुछ भी सामान्य नहीं था यहां प्रदर्शित हर डिजाइन कुछ अलग सोच और कहानी को दर्शा रहा था। आईआईए के कमिटी मेंबर अमित सोनटक्के ने बताया कि इस कॉम्पिटिशन में देश भर के टॉप 700 आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनर्स ने हिस्सा लिया था। उसमें से चुनी गई बेस्ट 60 डिजाइन को देश भर के आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइन स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स तक पहुंचाने के लिए इस डिजाइन यात्रा शुरू हुई है।

### मुकुट मांगलिक भवन पर छड़ी

## निशानों की पूजा-अर्चना, साफे बांधकर किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सबके राम लोक कल्याण समिति एवं सामाजिक समरसता इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार रात गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन पर शहर के वीर गोगादेव के पवित्र छड़ी निशानों के पूजन का दिव्य आयोजन किया गया।

समिति के महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि इस अवसर पर आर.एस.एस., विहिप, बजरंगदल, हिन्दू जागरण मंच एवं अन्य सहयोगी संगठनों की ओर से ईश्वरदास हिन्दुजा, विमानतल मार्ग आश्रम के प्रमुख नितिन मतकर गुरूजी, एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान, राकेश जैन, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, किरण जोशी, राजेश खंडेलवाल, मालासिंह ठाकुर, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा पांडे, राजेन्द्र चौध ?ी एवं मध्यप्रदेश बलाई महासंघ के अध्यक्ष मनोज परमार सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने शामिल होकर पहले सभी निशानों की पूजा-अर्चना की और छड़ी-निशानों के साथ आए उस्तादों एवं गुरूओं को साफा बांधकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व देर रात को महूनाका से गुमाश्ता नगर तक 51 छड़ी निशानों का जुलूस भी धूमधाम से निकाला गया।

## तीन दिनी मेगा योग शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेली देवी योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में शहर का 15वां नियमित योग केन्द्र शुक्रवार, 23 अगस्त से तीन दिवसीय मेगा योग शिविर के बाद प्रारंभ हो जाएगा। गुरुवार को क्लर्क कालोनी स्थित समर्थ रामदास सेवा मंडल परिसर में अध्यक्ष अभय देशमुख एवं सचिव अतुल कुलकर्णी की मौजूदगी में शहर के योग प्रेमियों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें इस योग केन्द्र के व्यापक प्रचार-प्रसार की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। 23 से 25 अगस्त तक यहां प्रतिदिन सुबह 7 से 8.30 बजे तक निशुल्क योग शिविर प्रारंभ होगा और उसके बाद 26 अगस्त से नियमित योग केन्द्र प्रारंभ हो जाएगा।

## सौंदर्य प्रतियोगिताओं को जीतने के लिए सिर्फ सुंदरता काफी नहीं : कोपल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मध्यप्रदेश के कलाकारों में बहुत हुनर है और इन कलाकारों को बड़े प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने के लिए मैं अपनी प्रतिभा का उपयोग करना चाहती हूं। प्रदेश में पर्यटन बढ़े यहां का क्राफ्ट प्रसिद्धि पाए यह उनका उद्देश्य है। कारीगरों को उनका वाजिब हक मिलना ही चाहिए।**

ये बातें मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश का खिताब जीतकर प्रदेश के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने वाली कोपल मंडलोई ने स्टेट प्रेस क्लब, मप्र द्वारा आयोजित द्धरूबरू कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में व्यक्त किए। मिस ग्रैंड इंडिया, सुपर मॉडल की फाइनलिस्ट रह चुकी सुश्री मंडलोई ने कहा कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं को जीतने के लिए सिर्फ सुंदरता काफी नहीं है।

किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए सबसे पहले भरपूर आत्मविश्वास जरूरी है। बात सबमें होती है बस खुद पर भरोसा होना चाहिए कि हां, यह मैं कर सकती हूं। कार्यक्रम के आरंभ में स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल,रचना जौहरी, सोनाली यादव,मीना राणा शाह, विशाल डूबलानी, रवि चावला, सुदेश गुप्ता, संजय मेहता आदि ने सुश्री कोपल का सम्मान पत्र, अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छों से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृतिकर्मी पत्रकार आलोक बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार शारदा मंडलोई, नागर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष केदार रावल एवं सरला मेहता ने प्रेस क्लब पदाधिकारियों का सम्मान भी किया।

### आज से गीता भवन में ागवत ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

इंदौर। मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर शुक्रवार, 23 अगस्त से 29 अगस्त तक वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के सानिध्य में गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट और रामदेव मन्नालाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का दिव्य आयोजन होगा। कथा प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक होगी और शुभारंभ पर शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे गीता भवन परिसर में भागवतजी की कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। कथा का यह दिव्य आयोजन समाजसेवी मन्नालाल गोयल और मातुश्री चमेलीदेवी गोयल की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है।

### कटाक्ष




## सिंधी समाज की महिलाओं ने मनाया गया सिंधी पर्व टीजड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत त्योहारों का देश है जिसमे हर धर्म से जुड़े लोगों के अपने खुद के सांस्कृतिक और पारंपरिक त्यौहार है उनमें से सिंधी समाज की महिलाओं का प्रमुख त्यौहार है टीजड़ी । भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की अध्यक्ष सरिता मंगवानी एवं महामंत्री चाँदनी फुंदवानी ने बताया कि शहर के अनेक सिंधी बाहुल्य इलाको में समाज की महिलाओं द्वारा अनेक आयोजन करके व्रत, पूजा आदि सम्पन्न की गई जिसमे अपने परिवार की खुशहाली के साथ साथ सिंधी गीतों पर नाचते गाते आयोजन में सम्मलित हुई । गुरुवार को सिंधी बाहुल्य इलाको लाड़काना नगर, सिंधी कॉलोनी, सिन्धु नगर, द्वारकापुरी, जयरामपुर, काटजू कॉलोनी, कमला नेहरू नगर के साथ साथ नए इंदौर में बस रहे सिंधी बाहुल्य इलाके साकेत, पलासिया क्षेत्र सहित बिजलपुर क्षेत्र के ट्रेजर टाऊन, आनंदा, शिवालय, निवार्णा आदि कई इलाकों में पारंपरिक रूप से मनाया गया । भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा द्वारा लाड़काना सिंधु पैलेस मे सामूहिक पंडिताईन श्रीमती विशाखा सतीश शर्मा के सानिध्य में टीजड़ी माता पूजन एवं कथा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं की उपस्थिति रही और रात्रि में चंद्रमा दर्शन चंद्रमाँ को अर्ग देकर महिलाओं ने अपना व्रत खोला ।

## पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सिखाए गए सुरक्षित निवेश के तरीके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर की प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती सौम्या जैन के मार्गदर्शन में सेबी की ओर से भेजे गये डॉ नितिन तातेड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (फायनेंसियल एक्सपर्ट) प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट इन्दौर के द्वारा पुलिस प्रशिक्षण महाविधालय में आरक्षक से लेकर उपपुलिस अधीक्षक स्तर के कुल 90 शासकीय सेवको को अपनी आय से बचत कर सुरक्षित निवेश करने के बारे में फायनेंसियल प्लानिंग कैसे करे के बारे में आज अत्यधिक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। व्याख्यान के दौरान डॉ नितिन तातेड ने बताया कि प्रत्येक शासकीय सेवक को अपनी आय से बचत कर उसके सही निवेश हेतु अपनी उम्र के अनुसार जीवन के सही गोल जैसे अच्छा घर , बच्चों की शिक्षा बच्चों की शादी विदेश भ्रमण सेवा निवृत्ति के बाद नियमित आय की व्यवस्था हेतु अपनी अपनी रिस्क लेने की क्षमता के अनुसार निवेश करने की तैयारी करना चाहिए एवं सेबी के अधीन पंजीकृत संस्थाओं में निवेश करना चाहिए । शासकीय सेवकों के लिए अत्यधिक समय खराब किये बिना म्यूचल फंड में निवेश करना सबसे सुगम एवं लाभदायक रहेगा। संस्था की ओर से श्री आनन्द चौहान निरीक्षक सीएलआई के द्वारा व्याख्यान से पूर्व डॉ नितिन तातेड का संक्षिप्त परिचय प्रतिभागियों को दिया गया । व्याख्यान के अंत में राजीव त्रिपाठी उप पुलिस अधीक्षक पीसीटी इंदौर के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# अब पीला सोना भी हुआ कोयला, भाव नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश

## समर्थन मूल्य से भी नीचे बीक रहा है सोयाबीन, इसीलिए चाहिए एम एस पी ग्यारंटी कानून

◆ संयुक्त किसान मोर्चा की मांग सोयाबीन 8 हज़ार रुपए प्रति गेहूं 4 हज़ार रुपए कु तय करें सरकार

◆ किसानों को सोयाबीन के नहीं मिल रहे हैं दाम सोशल मीडिया के जरिए सरकार तक पहुंचा रहे हैं आवाज

DGR @ श्री राम बारोड

**देपालपुर।** मालवा निमाड़ में सोयाबीन पीला सोने के नाम से जाना जाता है । खरीफ़ सीजन में किसानों के द्वारा काफी मात्रा में सोयाबीन की मुख्य फसल बोई जाती है परंतु पिछले कई वर्षो से सरकार की गलत नीतियों के कारण सोयाबीन उत्पादक किसानों को काफी निराश होना पड़ रहा है। फिलहाल मंडियों में सोयाबीन समर्थन मूल्य से भी नीचे बीक रहा है । फसल का वाजिब दाम नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश है । संयुक्त किसान मोर्चा के नेता रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, चंदन सिंह बड़वाया, शैलेंद्र पटेल आदि ने बताया कि सरकार की गलत नीति के कारण सोयाबीन के भाव नहीं बड़े हैं। वहीं किसानों द्वारा जो खेती किसानी में वस्तुएं इस्तेमाल की जाती है। उनके दामों में काफी बढ़ोतरी





हुई है। खाद, दवाई, मजदूरी सारी चीजों में बहुत बढोतरी हुई है, परंतु किसानों को उनकी फसल के वाजिब दाम नहीं मिल रहे हैं। 25-30 दिन में नहीं सोयाबीन आने वाली है मंडियों में 4 हजार प्रति कुंतल किसानों को दाम मिल रहे हैं जिससे किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है । हमारी मांग है कि जल्द ही किसानों की इन मांगों पर सरकार को ध्यान देना चाहिए नहीं तो मध्य प्रदेश का किसान भी आंदोलन की राह पर चल पड़ेगा । सोशल मीडिया के जरिए किसान अपनी आवाज सरकार तक पहुंचा रहे हैं अब देखना है कि सरकार किसानों की मांगों को कितना गंभीरता से लेती है।

सोयाबीन का एमएसपी 4850 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है जबकि किसानों को फिलहाल प्रति क्विंटल पर 1000 से 1300 रुपये का सीधा नुकसान हो रहा है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट के अनुसार सोयाबीन की उत्पादन लागत 3261 रुपये प्रति क्विंटल है लेकिन मंडियों में यह 3500 से 4000 रुपये के बीच बिक रही है. सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के आंकड़ों के मुताबिक 2013-14 में सोयाबीन का औसत भाव 3823 रुपये प्रति क्विंटल था, जो आज की कीमतों के लगभग बराबर है.

## युवक के खिलाफ महिलाएं पहुंची थाने

### आए दिन करता है विवाद, प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में आए दिन विवाद कर धमकी देने वाले एक युवक से परेशान महिलाएं लसूडिया थाने पहुंची। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिर तार कर लिया। थाना लसूडिया पुलिस के मुताबिक मामला सिंगापुर ग्रीन व्यूह प्रीमियम कालोनी का है। पुलिस ने फरियादी नेहा शर्मा, सुनीता बीसे,रेणु तोमर, कृष्णा बाई, नारायण राजपूत,कृष्ण गोपाल चौबे,उधमसिंह बीसे,राहुल शर्मा आदि रहवासियों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनील राजपूत निवासी सिंगापुर ग्रीन व्यूह प्रीमियम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में रहने वाला आरोपी सुनील आए दिन विवाद करता है और मोहल्ले की महिलाओं को गालियां देता है। मना करने पर जान से मारने की धमकी देता है वह कहता है कि मैं एक दिन किसी को मार दूंगा या तुम लोगों के नाम से फांसी लगा लूंगा। पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उस पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में भी कार्रवाई की गई है।

## शादी का झांसा देकर छात्रा से बनाए संबंध

### मुकरा तो पीड़िता ने दर्ज कराया रेप का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक छतरपुर की रहने वाली 25 साल की छात्रा ने उसके दोस्त के खिलाफ रेप का केस दर्ज करवाया है।**

एमआईजी थाना प्रभारी मनीष लोधा के मुताबिक छात्रा की शिकायत पर ऋषि शर्मा भारद्वाज निवासी सेन्ट्रल कोतवाली पर रेप का केस दर्ज किया है। आरोपी दोस्त ने इंदौर में कोचिंग के दौरान छात्रा से दोस्ती बढाई। परिवार से मुलाकात के बाद शादी की बात कही। आरोपी युवक ने छात्रा को गुमराह कर अपने ऑफिस के पास लैट दिलवाया और छात्रा के साथ सबंध बनाता रहा। फिर शादी के बात से मुकर गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

### 2023 में हुई थी आरोपी से पहचान

पीडिता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह 2022 से इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैारी कर रही है। मार्च 2023 में उसकी ऋषि से पहचान हुई। कोचिंग आने जाने के दौरान वह उससे मिलता था। इस दौरान दोनों में दोस्ती हो गई और एक दूसरे को पंसद करने लगे। ऋषि ने कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है। तब छात्रा ने घरवालों से बात कर जबाब देने की बात कही। परिवार के लोगो से बात की तो वह तैयार हो गए। मोबाइल से ऋषि की जीजा और दीदी से बात कराई। ऋषि के पिता गोपाल भी परिवार के लोगो से शादी की बात कर चुके थे।

### फ्लैट दिलाकर सबंध बनाए

ऋषि का एमआईजी में ऑफिस था। 25 जनवरी 2024 को एमआईजी इलाके में मुझे फ्लैट दिला और वहां आने जाने लगा। उसने एक दिन कहा कि जब शादी करना है तो पढ़ाई बंद कर दो। उसके कहने पर पढ़ाई बंद कर दी। फ्लैट पर आने जाने के दौरान उसने कई बार उसने सबंध बनाए। 17 जुलाई को पीडिता को अपने घर महाराजपुर जाना था। उस दिन ऋषि ने कॉल कर कहा कि वह उससे शादी नही करना चाहता। कारण पूछने पर फोन काट दिया। इसके बाद पीडिता ने ऋषि के पिता गोपाल को कॉल किया। उन्हें ऋषि के बारे में बताया। पिता ने कहा कि जब वह शादी करने को तैयार नही है तो वह क्या कर सकते है। इसके अगले दिन ऋषि के पिता का कॉल आया और कहा कि अपने परिवार को लेकर इंदौर आ जाओ। इसके बाद ऋषि के ऑफिस पर दीदी को लेकर पहुंची। यहां उसके पिता गोपाल और ऋषि दोनों ने शादी की बात से इंकार कर दिया। इसके बाद महाराजपुर जाकर परिवार से बात की। वहां कि थाने में लिखित शिकायत कर इंदौर भेजी गई।

## बेटे ने बुजुर्ग मां को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में एक कलयुगी बेटे ने संपत्ति पाने के लिए बुजुर्ग मां पर हमला कर दिया। आरोपी ने लात घूंसे बरसाए और उनका सिर दीवार पर दे मारा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक घायल बुजुर्ग महिला का नाम जमुना बाई पति छगनलाल देवीकार निवासी पीलिया खाल बड़ा गणपति है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर बेटे ललित देवीकार के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। दरअसल वह बेटे की हरकतों से बहुत परेशान थी इस कारण संपत्ति अपनी बड़ी बहू के नाम करदी थी इसी से वह नाराज था। बुजुर्ग पीडिता ने पुलिस को बताया कि रात को वह अपने घर पर थी तभी बेटा ललित घर आया। वह कहने लगा कि उन्होंने बड़ी बहू के नाम संपत्ति क्यों की है। इस पर उन्होंने ललित को अपनी हरकतें सुधारने को कहा। इसी बत पर गुस्साए आरोपी ने गालियां दी। उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने सिर के बाल पकडक़र उनका सिर दीवार में दे मारा और जमकर लात घूसें भी बरसा दिए। अन्य परिजन व आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## भाई-बहन को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में एक बाइक चालक ने भाई-बहन को पीट दिया। आरोपी ने स्कूटर के सामने बाइक खड़ी कर दी थी जिसे हटाने की बात पर विवाद हुआ। थाना मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना कंडीलपुरा में एक डेरी के सामने हुई।फरियादी शहील पिता सुरेंद्र शर्मा निवासी स्कीम नंबर 71 की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैं अपनी बहन के साथ स्कूटर से जा रहा था तभी डेरी के सामने से आए बाइक चालक ने हमारी गाड़ी के आगे खड़ी क दी। मैंने कहा कि दिख नहीं रहा है क्या इसी बात पर आरोपी चालक ने हमें गालियां दी और झूमाझटकी की।

## युवक की मौत में ससुराल वाले फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कुलकर्णी भट्टा के नरेंद्र उर्फ कपिल सैनी(25) की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पत्नी पूजा,साला महेंद्र,साले की पत्नी 'योति, सास गुड्डी बाई निवासी मालवीय नगर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। नरेंद्र ने 17 जुलाई की रात को फांसी लगा ली थी। मरने से पहले उसने एक मिनट चार सेकेंड का वीडियो बनाया था और कहा था कि पूजा, महेंद्र, ज्योति और गुड्डी बाई ने मुझे परेशान कर रखा है। पत्नी पूजा की मैंने मदद की थी। उसका एक बच्चा भी था फिर भी मैंने उसे अपने घर में रखा और हरसंभव मदद की लेकिन उसने मुझे पैसों के लिए परेशान किया और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया वीडियो में उसने कहा था कि मैं तो जा रहा हूं लेकिन जिनके कारण जान दे राह हूं उन्हें मत छोडऩा ये वीडियो उसने अपने भाई और रिश्तेदारों को भेजा था। इस मामले में जांच परदेशीपुरा थाने के सहायक थानेदार शोभाराम जाटव ने की थी और वीडियो, बयानों के आधार पर पुलिस ने मुलजिमों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## छात्रों के दो गुटों में मारपीट

**इंदौर।** मांगलिया बायपास स्थित एक्रोपालिस कालेज के बाहर छात्रों के दो गुटों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष में शामिल छात्र को गंभीर चोट आई है। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि कालेज में पढने वाले पारस का युवराज और उसके भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिस पर उन्होंने उसके साथ इतनी मारपीट की कि उसे गंभीर चोटें आई इस बीच कुछ अन्य छात्र भी आ गए थे बताया जा रहा है कि जैसे तैसे समझौता हो गया था लेकिन बाद में स्कीम नंबर 78 में एक कैफे के बाहर फिर विवाद हुआ हालाकिं मारपीट करने वाले घटना के बाद भाग गए। पुलिस लसूडिय़ा ने युवराज निवासी नौलखा तथा उसके साथी माज को हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आखिर विवाद किस बात को लेकर हुआ। पुलिस वहां लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाल रही है।

# जन्माष्टमी पर सभी स्कूल कॉलेजों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## सरकार ने 26 अगस्त को घोषित की छुट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में 26 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण मंदिरों और स्कूल-कॉलेजों में साफ-सफाई और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित कार्यक्रम होंगे। जानापावा, अमझेरा, नारायणा और संदीपनी आश्रम में विशेष आयोजन होंगे।**




भोपाल। प्रदेश में 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी श्रीकृष्ण मंदिरों में साफ-सफाई होगी। मंदिरों के साथ स्कूल-कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने 26 अगस्त को अवकाश घोषित किया है।

भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विशेष प्रसंगों से जुड़े प्रदेश के जानापाव (इंदौर), अमझेरा (धार), नारायणा एवं सांदीपनि आश्रम (उज्जैन) में प्रसंगों के अनुकूल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। यह निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कलेक्टरों को दिए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न पर्वों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक के दौरान 26 अगस्त 2024 को पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी पर्व के आयोजन को लेकर निर्देश दिए थे। इस कड़ी में सामान्य प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। श्रीकृष्ण की शिक्षा, मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के माध्यम से सभी सरकारी व निजी स्कूल व कॉलेज में व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएं। शास्त्र सम्मत मंदिर निर्माण के स्थापत्य एवं उनकी विशेषताओं के साथ गौरवशाली इतिहास के प्रसंगों, कथानकों, आख्यानों से सभी वर्गों को अवगत कराया जाए।

## विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरा, पानी के गड्ढे में बैठी आठ भैंसों की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले के रोरई गांव में गुरुवार दोपहर हादसा हो गया। पानी के गड्ढे में बैठी आठ भैंसों के ऊपर 11000 किलोवॉट लाइन का तार टूट कर गिर गया। इसकी चपेट में आने से भैंसों को करंट लग गया और सभी भैंसों की मौत हो गई। ग्राम ग्राम पंचायत रोरई के सरपंच प्रतिनिधि हरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 2:00 बजे अचानक तेज बारिश हुई थी और हवा चलने लगी। गांव के ही पास एक पानी से भरे गड्ढे में गांव के चार किसानों की 8 भैंसें बैठी हुई थीं तभी ऊपर से निकले 11000 किलोवॉट की विद्युत लाइन अचानक टूट करके गड्ढे में जा गिरी और उसमें बिजली प्रवाहित थी। करंट लगने से आठ भैंसों की मौके पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में किसानों द्वारा पुलिस चौकी मजना को सूचित किया गया है।

### एमपी कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी को लेकर घमासान जारी

# कमलनाथ के इशारे पर छिंदवाड़ा की कार्यकारिणी भंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस को विधानसभा में मिली हार के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए जीतू पटवारी नई कार्यकारिणी बनाने के लिए लगातार मंथन कर रहे हैं। काफी समय बीत गया है, लेकिन अभी तक कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। लगातार प्रदेश और दिल्ली में हुई बैठक के बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि अगस्त माह में ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी लेकिन अब ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। कार्यकारिणी के लिए कार्यकर्ताओं को अभी इंतजार करना होगा। दरअसल, कार्यकारिणी गठन को लेकर गुरुवार को भोपाल पहुंचे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि काम करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के नामों पर विचार किया जा रहा है। पूरे समय पार्टी के लिए काम करने वालों को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी। प्रदेश प्रभारी ने पुरानी कार्यकारिणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले की कार्यकारिणी में एक हजार पदाधिकारी शामिल थे। सिर्फ पद लेकर घर पर बैठे थे, अब सिर्फ काम करने वालों को जिम्मेदारी मिलेगी। इधर, कमलनाथ और नकुलनाथ के इशारे पर छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिले की कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। जानकारी के अनुसार इसकी जानकारी पीसीसी चीफ को नहीं दी गई है। इसे लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जीतू पटवारी को बगैर जानकारी दिए जारी किया प्रेस नोट

इधर, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को जानकारी दिए बिना छिंदवाड़ा कांग्रेस ने कार्यकारिणी को एक दिन पहले भंग करने का प्रेस नोट जारी किया है। प्रेस नोट में कमलनाथ और नकुलनाथ के चर्चा के बाद कार्यकारिणी भंग करने का जिक्र है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का प्रेस नोट में कोई जिक्र नहीं है। दरअसल, जीतू पटवारी के अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी की गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। पटवारी के आने के बाद अब तक आधा दर्जन पूर्व मंत्री और तीन कांग्रेस विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उसे अध्यक्ष के रूप में अब तक स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

### कमलनाथ और नकुलनाथ से चर्चा के बाद भंग की कार्यकारिणी

जारी प्रेस नोट में लिखा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ से चर्चा के उपरांत कांग्रेस की समस्त कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। आगामी दिनों में जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। छिंदवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे व पांढुर्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा व पांढुर्ना की जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी, पर्यवेक्षक, प्रभारी, चारों मोर्चा संगठन की कार्यकारिणी, समस्त प्रकोष्ठों व विभाग को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। दोनों ही जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने बताया कि नगर, गांव व कस्बों से लेकर जिला मुख्यालय तक जल्द ही कांग्रेस की नई टीम तैयार होगी। आगामी दिनों में जिला छिंदवाड़ा व जिला पांढुर्ना की सशक्त व ऊर्जावान टीम मैदान में नजर आएगी।

## नदी में बहे दोनों जवानों के शव मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** जिले में रेस्क्यू के दौरान नदी में नाव पलटने से बहे दोनों जवानों के शव मिल गए हैं। घटनास्थल से 10 किलोमीटर दूर कनावर के नजदीक हरिदास चौहान का शव मिला। वहीं कनावर से 3 किलोमीटर आगे श्योडा गांव से प्रवीण कुशवाहा का शव बरामद हुआ। ग्वालियर से आई एनडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई थी। करीब 40 से ज्यादा जवान नदी के साथ ही दोनों किनारों और घटना स्थल से 5 किलोमीटर के दायरे में खोजबीन में जुटे रहे। इससे पहले, गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट उमेश शर्मा के साथ मारपीट कर दी।

## राज्य निर्वाचन आयोग में ई-फाइल सिस्टम लागू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयोग में अब किसी अधिकारी के टेबल पर फाइल नहीं नजर आती। कर्मचारी भी फाइल लिये इधर-उधर अधिकारियों के कक्ष में नहीं दिखते। यह सब हुआ है पूरे आफिस में ई-फाइल सिस्टम लागू होने से। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने बताया है कि इस सिस्टम को लागू करने से फाइलों के निराकरण में तेजी आई है और उनके संधारण की समस्या भी खत्म हो गयी है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि पेपर लेस ऑफिस बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये पूरी टीम ने तन्मयता से कार्य कर ई-फाइल सिस्टम को मूर्त रूप दिया है। उन्होंने बताया कि कार्यालयीन सुविधा के लिये अलग-अलग पोर्टल बनाये गए हैं। अधिकारी- कर्मचारियों के लिये इलेक्ट्रानिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम और न्यायालयीन प्रकरणों के लिये कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम बनाया गया है। आयोग ई-पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर भी कार्य कर रहा है।

### बैतूल में स्कूल बैग से निकला कोबरा

**बैतूल।** गुरुवार को एक बच्चे के स्कूल बैग में कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया है। जामठी गांव में स्नेक कैचर ने बैग से सांप का रेस्क्यू किया। सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर ही मौके पर पहुंच गए। बाद में सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया। वहीं, रीवा में एयर कंडीशनर में घुसे हुए एक सांप का रेस्क्यू किया गया। सांप को निकालने के लिए एसी रिपेयरिंग मिस्त्री को बुलाना पड़ा। जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने सांप को सुरक्षित निकालकर गोविंदगढ़ के जंगल में छुड़वाया। रीवा में वन विभाग ने घर के एयर कंडीशनर में घुसे हुए एक सांप का रेस्क्यू किया।

## युवक से मारपीट, चेहरे पर की पेशाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** सीधी के बाद अब जबलपुर में भी पेशाब कांड का मामला सामने आया है। यहां पर एक युवक के साथ मारपीट करते हुए बदमाशों ने उसके ऊपर पेशाब कर दी। घटना मंगलवार दोपहर की है। जिसका वीडियो अब सामने आया है। घटना के दिन पीड़ित टिफिन का कलेक्शन लेकर आ रहा था। उसके पास करीब 15 हजार रुपए थे। तभी रास्ते में 4-5 बदमाशों ने उसे रोका और मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने रुपए और सोने की चेन छीन ली। वे उसे पीटते हुए झाड़ी में ले गए, और उसके ऊपर पेशाब कर दिया। पीड़ित ने गोरखपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

# संपादकीय

## जलभराव और ट्रैफिक बन जाता है सिरदर्द

दिल्ली देश की राजधानी है, मगर बुनियादी सुविधाओं के लिहाज से कई मामलों में यहां व्यवस्थागत खामियां आज भी जस की तस हैं। बरसात के दिनों में तेज बारिश से यहां के कई इलाके जलमग्न हो जाते हैं। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है। इस बार भी दिल्ली में मानसून के आगमन के साथ ही लोगों को जलभराव और यातायात बाधित होने की दिक्कतों से दो-चार होना पड़ रहा है। दरअसल, दिल्ली में बारिश से जलभराव की समस्या का मुख्य कारण जल निकासी की माकूल व्यवस्था न होना है। यहां अलग से बरसाती नालों की कमी हमेशा महसूस की जाती रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, क्षेत्रफल के आधार पर दिल्ली में बरसाती नालों का एक बड़ा संजाल होना चाहिए, ताकि ज्यादा बारिश होने पर पानी इन नालों के जरिए शहर से बाहर निकल सके। दूसरा, शहर की जल-मल निकासी प्रणाली को बरसाती नालों से अलग करना भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि बरसाती नाले सीवर में बहने वाले कचरे से भर जाते हैं और पानी की पर्याप्त निकासी नहीं हो पाती। किसी भी शहर में जल-मल निकासी व्यवस्था का चुस्त-दुरस्त होना बेहद जरूरी है। मगर, दिल्ली में सीवेज प्रणाली के रखरखाव में प्रशासन की अनदेखी भी बारिश के दिनों में जलभराव का बड़ा कारण बन जाती है। यहां के कई इलाकों में सीवर की नालियां कूड़े-कचरे से भरी रहती हैं, जिस कारण बारिश का पानी बाहर निकलने के बजाय वहीं पर जमा हो जाता है। वैसे, हर साल बरसात शुरू होने से पहले नालियों की सफाई को लेकर नगर निगम विशेष अभियान चलाता है, लेकिन इस पर कितना काम होता है, इसकी हकीकत तब सामने आती है जब तेज बारिश से कई स्थान जलमग्न हो जाते हैं। इस समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव हो पाएगा, जब प्रशासनिक स्तर पर इसे गंभीरता से लिया जाएगा। जल निकासी के लिए अलग से बरसाती नालों की पर्याप्त व्यवस्था करने के साथ-साथ सीवरों के रखरखाव पर ध्यान देना होगा और इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों की जिम्मेदारी तय करनी होगी।

### अर्ज़ किया है..!

*मुख़्तसर ये है हमारी*
*दास्तान-ए-ज़िंदगी*
*इक सुकून-ए-दिल की*
*ख़ातिर उम्र भर तड़पा किए*

-मुईन अहसन जज़्बी

## OSHO कहिन

**साहसी होने का मतलब किसी अज्ञात के साथ प्रेम संबंध बनाने के बराबर है।**



## महिला जगत

# 10 सालों में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 75 फीसदी तक वृद्धि, आखिर कैसे बचाएं बेटियां?

बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य समाज को बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए जागरूक करना है, लेकिन कितने जागरूक हैं हम बालिकाओं की सुरक्षा के लिए? आधी आबादी कही जाने वाली महिलाएं हमारे देश में तकरीबन पिछले दो दशकों से घरों से बाहर निकल रही हैं। हर क्षेत्र में अपनी पहचान कायम कर रही हैं। बिना किसी बंदिश के जिंदगी जीने और खुली हवा में सांस लेने की कोशिश कर रही हैं। इसके बावजूद पुरुष प्रधान समाज में सदियों से चली आ रही असहाय और पराश्रित छवि से वे उबर नहीं पाई हैं। साक्षी हत्याकांड जैसे मामले क्रूरता और नृशंसता का प्रमाण हैं। दिल दहला देने वाली ये वारदातें मौजूदा सामाजिक-सांविधानिक व्यवस्था पर प्रहार भी करती हैं।

हालांकि आज समाज में हर स्तर पर बहुमुखी विकास और लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार आया है, लेकिन समाज के तथाकथित ठेकेदार बने बैठे लोग तरक्की की राह में अड़चनें भी पैदा करते हैं। कई बार बढ़ते आक्रोश और दबदबा कायम रखने की प्रवृत्ति के चलते महिलाओं को शारीरिक-मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने से भी वे पीछे नहीं रहते हैं। आए दिन टीवी, अखबारों और सोशल मीडिया पर महिलाओं के साथ क्रूर हिंसा की खबरें इसका प्रमाण हैं। दुखद यह है कि आमजन अपने सामने होते अपराध के खिलाफ कोई प्रतिक्रिया लेने के बजाय चुपचाप कन्नी काटकर निकल जाता है। ये घटनाएं लड़कियों के प्रति समाज की बढ़ती असंवेदनशीलता की ओर इशारा करती हैं।

### बचपन से सीखा रहे, रूल ऑफ लॉ पुरुषों के हक

सदियों से समाज पितृसत्तात्मक रहा है, जिसमें मूलतः सारी सत्ता या रूल ऑफ लॉ पुरुषों के हक में है। लड़कों के दिमाग में बचपन से ही घर का मुखिया और महिलाओं को कमतर समझने की भावना भर दी जाती है। इससे आगे चलकर लड़के, महिला की प्रताड़ना को स्वीकृति देने लगते हैं। स्थिति ज्यादा दुखदायी तब हो जाती है, जब प्रताड़ना झेलने के बावजूद समाज महिलाओं का साथ नहीं देता। महिला अगर अपराध के खिलाफ लड़ने का फैसला करती भी है तो परिवार उसे डांट-डपटकर चुप करा देता है। असल में, समाज में घट रही इन वारदातों के पीछे परिवार भी जिम्मेदार है।

### महिला ही खुद की स्थिति की जिम्मेदार

समाज में 'विक्टिम ब्लेमिंग' का चलन महिलाओं की स्थिति को अधिक दयनीय बनाता है। समाज की मानसिकता है कि वह किसी भी तरह के अपराध या महिला पर हो रहे अत्याचार के लिए महिला को ही जिम्मेदार मानता है। इसी मानसिकता के चलते अगर महिला के साथ कोई ज्यादती हो रही है या उसके साथ कोई मार-पीट या सड़क पर छेड़खानी कर रहा है तो लोग आंखें फेरकर निकल जाते हैं। दूसरी तरफ महिलाओं को समाज में दोयम या निचला दर्जा दिया जाना, पुरुषों द्वारा किए जाने वाले मारपीट और अत्याचार को सहन करने की सामाजिक स्वीकृति मिलना बढ़ते महिला अपराध की बड़ी वजह है।



### महिला अपराध में 23 फीसदी को ही सजा

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के हिसाब से 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मोटे तौर पर बीते 10 सालों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज हुई है। चुनिंदा मामलों को छोड़ दिया जाए तो महिला उत्पीड़न करने वाले पुरुषों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाती या फिर अपराधी करार होने के बावजूद सालो-साल सजा मुहैया नहीं हो पाती। नेशनल क्राइम ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा हालात में महिला अपराध के कुल मामलों में केवल 23 प्रतिशत को ही सजा मिल पाती है।

### कुछ जरूरी कदम

जघन्य अपराध करने वाले अपराधी कुछ समय बाद समाज में बेखौफ घूमते नजर आते हैं। न तो समाज उनका बहिष्कार करता है और न ही कानून उन्हें किसी तरह का कठिन दंड दे पाता है। सदियों से चली आ रही सामाजिक-प्रशासनिक व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव आना तो असंभव-सा जान पड़ता है। लिहाजा बढ़ते महिला अपराधों को रोकने का दायित्व समाज को ही लेना होगा।

### शुरुआत घर से

घर समाज का अभिन्न हिस्सा है। अगर हमें अगली पीढ़ी में बदलाव लाना है तो बच्चों के दिलो-दिमाग में यह मानसिकता विकसित करनी होगी कि समाज में लड़का-लड़की बराबर हैं। लड़के अगर वंश के अग्रज हैं, तो लड़कियां वंश की जन्मदात्री हैं। लड़कों को लड़कियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना और उनकी सुरक्षा के प्रति सजग रहना भी सिखाना होगा, तभी वे बड़े होकर महिला अपराध रोकने में सहयोग दे सकेंगे। वहीं लड़कियों को बचपन से ही दूसरों की अपेक्षाओं-आकांक्षाओं के प्रति दृढ़ता से विरोध करना या किसी के भी गलत व्यवहार के खिलाफ प्रतिक्रिया करना सिखाना चाहिए। आत्मसुरक्षा के विभिन्न तरीके सिखाने चाहिए, ताकि वे विरोधी परिस्थितियों के प्रति पूरी तरह सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रख सकें।

### समाज का दायित्व

महिला अपराध को रोकने की जिम्मेदारी समाज के हर व्यक्ति की है। पुरुष की दरिंदगी का शिकार होती महिला की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। तमाशबीन न बनकर असहाय महिला के रखवाले बनना चाहिए। यह सच है कि पुलिस सूचना के अभाव में घटना स्थल पर देरी से पहुंचती है, लेकिन जरूरत है आस-पास के लोगों को महिला की मदद के लिए आगे आने की, तुरंत एक्शन लेने की।

अगर 4-5 लोग भी मिलकर हत्यारे को रोकने का प्रयास करें तो निश्चित ही सफल हो सकते हैं और किसी की जान बच सकती है। उन्हें देखकर संभव है, दूसरे लोग भी उनके साथ हो लें और अपराधी को काबू में कर लें। आज कानूनी प्रक्रिया में काफी बदलाव आया है। पुलिस महिला अपराध की सूचना देने वाले व्यक्ति को शक के घेरे में नहीं लेती। अब व्यक्ति अपनी पहचान गुप्त रखकर भी घटना की सूचना दर्ज करा सकता है। समाज में बढ़ते महिला अपराध को रोकना है तो अपराधी के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की हिम्मत तो जुटानी ही होगी।

### हमें ही तो बदलना है 'समाज'

सेंटर फॉर सोशल रिसर्च, दिल्ली की डायरेक्टर डॉ. रंजना कुमारी के मुताबिक, आज जरूरत है समाज में लोगों को इन साइकोपैथ व्यक्ति का शिकार होती पीड़िता की हरसंभव मदद करने की। अगर कहीं किसी भी महिला को किसी भी तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है तो लोगों को तुरंत सामने आना चाहिए और एकजुट होकर अपराधी का प्रतिकार करने हेतु कदम उठाने चाहिए। सही मायने में तभी इंसान कहलाएंगे। सिर्फ तमाशा देखने और आंखें मूंद कर पतली गली से निकल लेने से कभी यह समाज महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं बन पाएगा।

Maharashtra

# सीएम कैंडिडेट पर कर लें फैसला, भले ही नहीं करें घोषणा, कांग्रेस-पवार से बोले उद्धव ठाकरे

**मुंबई, (एजेंसी) महाराष्ट्र में इसी साल अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल घटक दल एक-दूसरे पर दबाव बना रहे हैं। उद्धव बालासाहेब ठाकरे सेना गुट का नेतृत्व कर रहे उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार से कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले सहयोगियों के बीच मुख्यमंत्री का चेहरा तय हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि आप चाहो तो सार्वजनिक रूप से उस नाम की घोषणा नहीं भी कर सकते हो।**



उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी नेतृत्व को इस बारे में बता दिया है। ठाकरे दोनों दलों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे या तो मुख्यमंत्री पद के लिए किसी उम्मीदवार का चयन करें या फिर उनके नाम को स्वीकार कर लें। उद्धव लगातार उनके साथ बैठकों में इस मुद्दे को उठाते हैं और सार्वजनिक रूप से भी इसे दोहराते हैं। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ पिछली बैठक में कहा था, 'मैं नहीं चाहता कि भाजपा के साथ हमारा अनुभव दोहराया जाए। हम 25-30 साल से साथ थे और हम इस बात पर सहमत थे कि सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी का मुख्यमंत्री बनेगा। इस तर्क से अगर आप ज्यादा सीटें जीतते हैं तो आप मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इसलिए मैं आपको संख्या बल में नीचे गिरा दूंगा। ऐसे में गठबंधन का उद्देश्य क्या है?' इससे पहले कांग्रेस के एक नेता ने कहा था कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों के बीच आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का मुख्य मापदंड जीतने की क्षमता होगी।

Uttarpradesh

## मुरादाबाद में रेप पीड़िता नर्स की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती, डॉक्टर ने बंधक बनाकर किया था रेप



**मुरादाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नर्स के साथ डॉक्टर ने अपने क्लीनिक में बंधक बनाकर रेप किया था. इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर, वार्ड बॉय और एक अन्य नर्स के खिलाफ केस दर्ज किया था. पीड़िता के बयान भी हो चुके हैं. अब पीड़ित नर्स की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उसे पहले सीएचसी ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया गया, जहां से मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. पीड़िता के पिता ने नर्स की तबीयत के बारे में बताते हुए समझौते का दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया. इसी के साथ मुख्यमंत्री योगी से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. पीड़िता के पिता ने कहा कि बेटी की हालात ठीक नहीं है. सांस लेने में उसको दिक्कत हो रही है. बीपी हाई है, सीने में दर्द और घुटन हो रही है. आरोपी डॉ. शाहनवाज के मदरसे के बारे में पीड़िता के पिता ने कहा कि आरोपी का गांव में मदरसा है, जो कि उसके पिता चलाते हैं. सीएमओ ने बताया कि पीड़िता ने तबीयत के बारे में बताया था कि उसको घबराहट के साथ ही पेट में दर्द हो रहा है. पीड़िता को डॉक्टर के साथ ही काउंसलर को दिखाया गया. पीड़िता को एंग्जाइटी की समस्या है. जो पेट के निचले हिस्से में दर्द बता रही है, उसके लिए गायनेकोलॉजिस्ट से लोअर अबडोर्नल का अल्ट्रासाउंड और ब्लड टेस्ट की सलाह दी है. पीड़िता की तबीयत ठीक है और लगातार डॉक्टर्स की निगरानी में है.पीड़िता 10 महीने से अस्पताल में नर्स का काम कर रही थी. 17 अगस्त को वह नाइट ड्यूटी पर थी.

Tripura

## त्रिपुरा में बाढ़-भूस्खनल से बुरा हाल; सेना ने बचाई 330 लोगों की जान, असम राइफल्स ने भी संभाला मोर्चा

**अगरतला, (एजेंसी)** त्रिपुरा राज्य इन दिनों भीषण बाढ़ से प्रभावित है। हालात को देखते हुए सेना और एनडीआरएफ के जवानों को राहत और बचाव कार्यों में लगाया गया है। सेना ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि उन्होंने त्रिपुरा में 330 से ज्यादा लोगों को बचाया है। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में असम राइफल्स के जवानों की तैनाती की गई है। त्रिपुरा में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 22 लोगों की मौत हुई है। कई लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ के चलते 65 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और ये लोग 450 राहत शिविरों में रह रहे हैं। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में भारतीय सेना ने लिखा कि 'त्रिपुरा में ऑपरेशन जल राहत के तहत राहत और बचाव अभियान के दौरान 330 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। असम राइफल्स के 21 सेक्टर मुख्यालय के तहत आने वाली 18 असम राइफल्स की दो टुकड़ियों को बाढ़ प्रभावित अमरपुर, भामपुर, बिशलगढ़ और रामनगर में तैनात किया गया है। सात नागरिकों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है।' वहीं बाढ़ग्रस्त इलाकों का आज सीएम माणिक साहा ने हवाई सर्वे किया।

Bihar

## कॉलेज में ही प्रिंसिपल के शराब पीने और मसाज करवाने की फोटो वायरल, नर्सिंग छात्राओं के हंगामे के बाद गिरफ्तार

**बेतिया, (एजेंसी)** बिहार के बेतिया के जीएनएम कॉलेज के प्राचार्य मनीष जायसवाल का बीते दिनों शराब पीते, जाम बनाते और मसाज कराते फोटो वायरल हुआ था. जिसको लेकर छात्राएं विरोध में उतर आईं थीं. इसको लेकर छात्राएं ने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा था. वहीं, पिछले कई दिनों से कैम्प्स में ही विरोध प्रदर्शन कर रही थी. जिसके बाद गुरुवार को प्राचार्य मनीष जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया. साथ ही उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया गया है. जानकारी के मुताबिक जीएनएम कॉलेज के प्राचार्य पर छात्राओं ने अश्लील कमेंट करने को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. बिहार में शराबबंदी के बावजूद प्राचार्य का शराब पीना और पैग बनाने



से छात्राएं कई दिनों से परेशान हो रही थीं. प्राचार्य पर कॉलेज परिसर में मेल स्टाफ से मसाज कराने का भी आरोप है. जिसका फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. छात्राओं ने प्राचार्य पर कैद करने का भी आरोप लगाया है. छात्राओं का आरोप है कि प्राचार्य के इस कृत्य में कॉलेज की कुछ छात्राएं भी शामिल हैं.

खेल

# लॉर्ड्स पहली बार करेगा महिला टेस्ट मैच की मेजबानी, भारत-इंग्लैंड के बीच होगा मुकाबला



**लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच 2026 में लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम पर टेस्ट मैच खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब प्रसिद्ध लॉर्ड्स स्टेडियम महिला टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों ने पिछले साल दिसंबर में एकमात्र टेस्ट मैच खेला था।**

### भारतीय महिला टीम ने पिछले साल इंग्लैंड को हराया था

भारत और इंग्लैंड के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेले गए उस टेस्ट मैच में भारत ने मेहमान टीम को 347 रनों के अंतर से हराया था। लॉर्ड्स ने इससे पहले महिला मैचों की मेजबानी की है, लेकिन यह सभी सीमित ओवर प्रारूप के मुकाबले रहे हैं। ईसीबी ने बयान में कहा, इस बात की पुष्टि की जाती है कि भारतीय महिला टीम 2026 में लॉर्ड्स में एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। यह इस मैदान पर खेला जाना वाला महिलाओं का पहला टेस्ट मैच होगा। पिछले तीन वर्षों से इंग्लैंड की महिला टीम ने लॉर्ड्स पर सीमित ओवरों के मुकाबले खेले हैं, लेकिन अब पहली बार यह मैदान महिला टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

### अगले साल सीमित ओवरों की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी टीम

इंग्लैंड के खिलाफ 2026 में टेस्ट मैच खेलने से पहले भारतीय महिला टीम 2025 में सीमित ओवरों की सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय टीम इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 28 जून से नॉटिंघम में पांच टी20 मैच की सीरीज खेलेगी जिसका अंतिम मुकाबला 12 जुलाई को खेला जाएगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच 16 से 22 जुलाई के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी।

सिनेमा

## मेरी 6 साल की बेटी है, चिंता हो रही... कोलकाता मर्डर केस से सदमे में नील नितिन मुकेश, दरिंदगी पर घंटों रोते रहे



कोलकाता में एक युवा डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के भयानक मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आम लोगों, चिकित्सा जगत, मशहूर हस्तियों और वैश्विक हस्तियों सहित सभी ने इस मामले पर गुस्सा व्यक्त किया है। इसमें देश में महिला सुरक्षा की समस्याओं के बारे में बात की गई। ऋतिक रोशन, कंगना रनौत, आलिया भट्ट, अनुष्का शर्मा जैसी बॉलीवुड हस्तियों ने इस घटना की निंदा की। अब, एक्टर नील नितिन मुकेश ने इस पर अपनी बात रखी है और बेटी को लेकर चिंता जताई है। हाल ही में एक्टर नील नितिन मुकेश 'बुजोका' के साथ एक इंटरव्यू के लिए बैठे। अपनी बातचीत में एक्टर ने कोलकाता में हुई भयावह घटना पर अपने विचार साझा किए। जब उन्होंने पहली बार घटना के बारे में सुना, तो उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी और बेटी उनके ससुराल गए थे। चूंकि वह अकेले थे, इसलिए घटना के बारे में जानने के बाद वह एक घंटे से अधिक समय तक रोते रहे। उन्होंने कहा, 'जब मैंने पहली बार यह खबर सुनी, तो मैं घर पर अकेला था। मेरी पत्नी और बेटी अपनी मां के घर गई थीं। मैं घर पर अकेला था और जैसे ही मैंने यह खबर सुनी, मेरी आंखों में आंसू आ गए और मैं रोने लगा। एक घंटा उदास रहा।

## Highlights

1. PM's confidence is finished, his psychology has collapsed: Rahul
2. Cruelty case against man for not letting wife eat french fries stayed by K'taka HC
3. 13 lakh UP govt employees risk losing August salaries if they don't declare assets
4. Rahul is frustrated: Giriraj on his remark to restore Article 370
5. ASI survey of Wazukhana not permissible: Gyanvapi management to HC

# WhatsApp allows real-money gaming ads in India, not for alcohol: What we know

**NEW DEIHI, (Agency).** Facebook and parent company Meta updated its WhatsApp Business messaging policy to start allowing companies from regulated sectors such as online gambling and over-the-counter drugs. This means that companies from these sectors can use the WhatsApp Business platform to send promotional messages to users in India. As per the new policy, businesses also have to ensure that messages sent by them comply with legal age restrictions, geographic requirements and regulatory standards through technical and organisational measures.

Meta's policy change comes as the Mark Zuckerberg company is looking to accelerate monetisation from WhatsApp which is currently the world's most popular messaging app with over 2 billion daily active users across the world and India over 500 million users.



### Why has the decision been taken by Meta?

The move is part of a broader change in the company's business messaging policy which is opening up the platform to certain regulated or restricted sectors in some countries.

### Why alcohol ads will not be allowed for Meta?

Messages that promote alcohol are not permitted in India as companies in the regulated sector are prohibited from sending messages through the WhatsApp Business app or providing any commerce experiences to buy or sell goods or services.

# Uber partners with GM's Cruise to offer self-driving cars to its riders next year

**NEW DEIHI, (Agency).** Uber is planning to start offering self-driving Cruise LLC cars to customers on its ride-hailing platform next year. This will come after the multiyear partnership between Uber and Cruise begins following which an Uber rider requesting a qualifying ride will have the option of choosing a Cruise autonomous vehicle, the companies said in a joint statement.



The decision following General Motors Co.'s Cruise attempts to regain traction after grounding its fleet in October following the mishandling by prior management of a collision with a pedestrian. At the time, one of the San Francisco-based firm's vehicles struck and dragged a pedestrian who was hospitalized for months. California regulators pulled Cruise's driverless license alleging that the company was not clear with details about the incident.

Cruise is targeting a return to running fully autonomous rides later this year and possibly charging fares by early 2025, Bloomberg reported last month, citing people familiar with the matter.

# ऑनलाईन फ्राड : 9 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, 5.13 लाख रिटर्न

## ठगोरों ने खुद को संबंधित बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग के अधिकारी बताकर किया था फ्राड

◆ क्राईम ब्रांच इंदौर चालू वर्ष में अभी तक करा चुकी है करीब 5 करोड़ राशि रिफंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाईन पोर्ट पर सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन फ्राड संबंधित शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिस पर तत्काल जांच और कार्रवाई कर ज्यादातर मामलों में फ्राड की राशि खातों में रिफंड कराई जा रही है। 1 जनवरी से अभी तक इंदौर क्राइम ब्रांच लगभग 5 करोड़ रुपए ठगी की राशि रिटर्न करा चुकी है। ताजे मामले में अभी 9 आवेदकों के 5 लाख 13 हजार रुपए वापस उनके बैंक खातों में रिटर्न कराए हैं।

क्राइम ब्रांच एडि. डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार लगातार सायबर अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने के बावजूद लोग ऑनलाईन ठगोरों के निशाना बन रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में इंदौर के अनिल को ठगोरे ने खुद को फर्जी बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड के ऐनुअल चार्जेस बंद करने के नाम से आवेदक के मोबाइल पर रिमोट एक्सेस एपीके सॉ टवेयर इंस्टाल करवाते हुए 45 हजार 792 रू निकाल लिए थे। शिकायत मिलते ही सायबर सेल की टीम ने संबंधित बैंक से संपर्क आहरित राशि आवेदक के बैंक खाते में वापस कराई। इसी प्रकार श्याम नामक युवक से ठगोरों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उनके मोबाइल पर एपीके फाइल इंस्टाल कराते हुए 45 हजार रुपए की ठगी कर ली थी। अहमद को मोबाइल पर खुद को फर्जी बैंक अधिकारी बन क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड रिडीम करने के नाम से 40 हजार 400 रू की चपत लगा दी, जिसे क्राइम ब्रांच द्वारा तत्काल संबंधित बैंक से जानकारी लेते हुए राशि खाते में वापस कराई गई। इसी प्रकार की ठगी करते हुए बदमाशों ने संजय से 30 हजार ठग लिए। आनंद को आरबीआई अधिकारी बनकर 49 हजार, सुमित को 40 हजार का चूना लगा दिया। वहीं सचिन नामक फरियादी को एसबीआई का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड केवायसी अपडेट करने के नाम से एक लिंक भेजी और बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर 1 लाख 80 हजार रुपए खाते से निकाल लिए। आवेदिका राजकुमारी के क्रेडिट कार्ड से 35 हजार एवं पल्लवी के क्रेडिट कार्ड से 48 हजार रुपए ठगोरों ने निकाल लिए।

एडि. डीसीपी के अनुसार सभी मामलों में शीघ्र शिकायत मिलने पर सायबर सेल की टीम ने त्वतरित कार्रवाई करते हुए बैंक ट्रांजेक्शन रुकवाए और फरियादियों के खातों में राशि वापस कराई। उन्होंने आम लोगों सलाह दी है कि किसी भी अंजान नंबर से मैसेज या कॉल आने एवं स्वयं को बैंक अधिकारी बताने वाले पर भरोसा न करें। वरना आप ठगी का शिकार हो सकते हैं। यदि आपके साथ इस तरह की ठगी होती है तो एनसीआरपी पोर्टल पर या क्राइम ब्रांच द्वारा द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049124445 पर कॉल कर शिकायत करें।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक